Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जिला संघ अपने क्षेत्राधिकार में आयोजित किये जाने वाले किसी प्राइवेट टूर्नामेंट हेतु निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए आयोजन की औपबंधिक अनुमति देंगे:

1. आयोजक टूर्नामेंट का नाम "प्रीमियर लीग", "प्लेयर लीग" नहीं रखेंगे
2. टूर्नामेंट T-20 पर आधारित नहीं होगा
3. आयोजक टूर्नामेंट में भाग लेने वाले कुल टीमों और टूर्नामेंट की शुरू और समाप्त होने की तिथि सहित आयोजन स्थल/मैदान की सूचना टूर्नामेंट शुरू होने के एक महीने पहले समर्पित करेंगे
4. आयोजन स्थल/मैदान पर प्रतिभागियों हेतु मूल भुत सुविधाओं की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे
5. टूर्नामेंट में प्रयुक्त होने वाले बॉल/गेंद, प्लेयिंग सरफेस (मैट अथवा टर्फ) तथा साईट स्क्रीन का विवरण समर्पित करेंगे
6. अगर "आमंत्रण टूर्नामेंट" है तो भाग लेने वाले क्लब का नाम ही प्रचारित /प्रसारित हो। सम्बंधित क्लब के जिले का नाम नहीं।
7. ऐसा टूर्नामेंट करने वाले अपने आवेदन के साथ आयोजक का पूरा नाम, पता,मोबाइल नंबर, इमेल इत्यादि सहित टूर्नामेंट का नाम सूचित करेंगे।
8. अगर, टूर्नामेंट में सम्बंधित जिला संघ के क्षेत्राधिकार के ही टीम या खिलाड़ी भाग ले रहे हों तो अपने स्तर से इसकी मान्यता और निरिक्षण सुनिश्चित करें।
9. अगर, टूर्नामेंट में सम्बंधित जिला संघ के क्षेत्राधिकार से बाहर के टीम अथवा खिलाड़ी के भाग लेने की सूचना अथवा संभावना हो तो अविलम्ब इसकी सूचना बीसीए को देने की कृपा करेंगे जिससे बीसीए यथोचित निर्णय ले सके।

उपर्युक्त बिन्दुओं के अलावा प्राइवेट आयोजक अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे :

1. किसी भी हालत में आयोजन में T-20 फॉर्मेट, फ्रेंचाइजी बेस्ड, किसी तरह का ऑक्शन/नीलामी नहीं होगी।
2. आयोजन में / के दौरान खिलाडियों की मुलभुत सुविधाओं का ध्यान, दर्शकों से जुड़ी सुविधाएँ, विधि-व्यवस्था, मैदान का रख-रखाव अथवा किसी भी तरह के भुगतान की जिम्मेवारी आयोजनकर्ता की होगी।
3. आयोजन स्थल/मैदान जिस जिला संघ के क्षेत्राधिकार में आता है, के बिना अनुमति के आयोजन/टूर्नामेंट कराये जाने पर, सूचना प्राप्त होते ही बीसीए किसी भी स्टेज पर टूर्नामेंट को गैर मान्यता प्राप्त घोषित कर सकती है और इसकी पूरी जिम्मेवारी आयोजनकर्ता की होगी।
4. उपर्युक्त शर्तों के उल्लंघन के दोषी पाए जाने पर उक्त टूर्नामेंट एवं आयोजनकर्ता को भविष्य में किसी भी टूर्नामेंट की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्राइवेट टूर्नामेंट के सम्बन्ध में प्रतिभागी / खिलाडियों के लिए:

1. ऐसे किसी भी टूर्नामेंट में भाग लेने से पूर्व प्रतिभागी क्लब अथवा खिलाड़ी सम्बंधित जिला संघ के पदाधिकारी से संपर्क कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि टूर्नामेंट मान्यता प्राप्त है अथवा नहीं। किसी भी संशय की स्थिति में ऐसे टूर्नामेंट में कदापि भाग नही लें
2. बीसीए के प्रीमियर / प्लेयर लीग के अलवा किसी भी T-20 टूर्नामेंट अथवा टीम नीलामी, प्लेयर नीलामी का हिस्सा नहीं बनें। मान्यता प्राप्त जिला संघ द्वारा आयोजित अपने जिला क्षेत्र के प्लेयर के लिए कराये जा T20 इस नियम से अलग रहेंगे।

02/03/26

(जियाउल आरफीन)
सचिव
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन